**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**04.11.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- हिमाचल विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवम्बर से 5 दिसंबर तक धर्मशाला में–आठ बैठकें होंगी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सक्खू ने कहा– चिट्टे के खिलाफ प्रदेश भर में बड़ा अभियान शुरू करेगी प्रदेश सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– केंद्रीय सहायता के लिए आभार जताने का शिष्टाचार भी भूल गई है प्रदेश सरकार।
- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा प्रदेश के सभी चारों संसदीय क्षेत्रों में आयोजित करेगी वंदे मातरम का सामूहिक गान।
- हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुआ ताजा पश्चिमी विक्षोभ– राज्य में आज और कल वर्षा व बर्फबारी की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से...........**

### विधानसभा सत्र

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवम्बर से 5 दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में कहा कि मौजूदा विधानसभा का ये 10वां सत्र होगा। सत्र के दौरान कुल 8 बैठकें होंगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही विधायक अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सूचनाएं विधानसभा सचिवालय को ऑनलाइन तथा ऑफलाइन भेज सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शीतकालीन सत्र 26 नवम्बर को सुबह 11 बजे आरंभ होगा और पहले दिन विधानसभा क दिवंगत सदस्यों के सम्मान में शोकोदगार होगा। 4 दिसंबर का दिन गैर–सरकारी सदस्य कार्य दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है। 29 और 30 नवम्बर को विधानसभा में अवकाश रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा शीतकालीन सत्र तपोवन में आयोजित किया जाने वाला विधानसभा का सबसे लम्बा सत्र होगा।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार शीघ्र ही प्रदेश भर में चिट्टे के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस राज्य में चिट्टे के नशे की रोकथाम के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आज शिमला के चौड़ा मैदान में 66 पुलिस पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाने के मौके पर बोल रहे थे। ये पेट्रोलिंग वाहन लाहौल स्पीति और किनौर जिलों को छोड़ कर प्रदेश के अन्य दस जिलों में तैनात किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है बल्कि प्रदेश की जनता के लिए सुरक्षित और आपदारोधी यातायात प्रणाली विकसित करना भी है। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद थे।

### जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर सामान्य शिष्टाचार को भूल जाने का आरोप लगाया है। जयराम ठाकुर ने आज मंडी में एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एक हज़ार 4 सौ 22 करोड़ रूपए की जाइका परियोजना मंजूर की है लेकिन प्रदेश सरकार इस परियोजना को अपनी उपलब्धि बता रही है। उन्होंने पूछा की हर बात पर केंद्र सरकार को कोसने वाली प्रदेश की सुक्खू सरकार इस परियोजना पर चुप क्यों हैं। उन्होंने इसे प्रदेश की राजनीति में गलत परिपाटी करार दिया और कहा कि ये लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

**अनुराग ठाकुर**

हमीरपुर से लोकसभा सांसद व पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि जाइका की सहायता से प्रदेश में स्वास्थ्य संरचना को सुदृढ़ करने के लिए मंजूर एक हज़ार 4 सौ 22 करोड़ रूपए की परियोजना केंद्र सरकार के प्रयासों का प्रतिफल है। अनुराग ठाकुर ने आज एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल से विशेष लगाव है और केंद्र सरकार ने हमेशा ही हिमाचल के हितों का ख्याल रखा है। उन्होंने जाइका परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया।

**विपिन परमार**

केंद्र सरकार राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य उत्सवों का आयोजन करने जा रही है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश भाजपा भी 7 नवम्बर को प्रदेश के हर संसदीय क्षेत्र में वंदे मातरम का सामूहिक गान करेगी। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि ये गीत आज भी राष्ट्रवाद, एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

**विक्रमादित्य**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों और बागवानों को कृषि की आधुनिक तकनीकें अपनाने, नकदी फसलें उगाने और उन्हें प्राकृतिक खेती की ओर आकर्षित करने के प्रयास कर रही है। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा की चनावग पंचायत के हशकरधार में एक दिवसीय खंड स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अब तक 5 सौ 40 हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के अधीन लाया जा चुका है।

**चंद्र कुमार**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। चंद्र कुमार आज ज्वाली में आयोजित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। चंद्र कुमार ने इस मौके पर कहा कि ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के उन्नयन, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस के अन्य नेताओं पर बिहार विधानसभा चुनाव में चुनावी गारंटियों का झूठा प्रचार करने का अरोप लगाया है। संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में कहा कि कांग्रेस सरकार ने अभी तक अपनी एक भी चुनावी गारंटी पूरी नहीं की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में अहम योगदान देने वाले ठेकेदारों की देनदारियां एक हज़ार करोड़ रूपए से उपर पहुंच गई है। ऐसे में ठेकेदारों ने अब उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों पर ताले लगाने आरंभ कर दिए हैं।

**मौसम**

हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुए ताजा पश्चिमी विक्षोभ के बाद मौसम ने प्रदेश में करवट बदल ली है। राज्य में दोपहर बाद से अधिकांश स्थानों पर हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज से प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना है। विभाग ने आज और कल ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, मंडी और कांगड़ा जिलों में गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में अभी से ही कड़ाके की ठंड का दौर जारी हैं आज लाहौल स्पीति का ताबो सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माइनस तीन दशमलव आठ डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- हिमाचल विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवम्बर से 5 दिसंबर तक धर्मशाला में–आठ बैठकें होंगी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सक्खू ने कहा– चिट्टे के खिलाफ प्रदेश भर में बड़ा अभियान शुरू करेगी प्रदेश सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– केंद्रीय सहायता के लिए आभार जताने का शिष्टाचार भी भूल गई है प्रदेश सरकार।
- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा प्रदेश के सभी चारों संसदीय क्षेत्रों में आयोजित करेगी वंदे मातरम का सामूहिक गान।
- हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुआ ताजा पश्चिमी विक्षोभ– राज्य में आज और कल वर्षा व बर्फबारी की संभावना।